>

Title: Need to connect uncovered villages in Kheri Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh with mobile and internet services - laid

श्री अजय मिश्र टेनी (खीरी): वर्तमान सरकार प्रत्येक गाँव तक मोबाइल, ब्रॉडबैंड व इंटरनेट सेवाएँ पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है ।

मेरी जानकारी के अनुसार 2011 की जनगणना के आधार पर लगभग 2,50,000 ग्रामसभा में से 1,28,376 ग्राम पंचायतों तक उक्त सेवा पहुँच गयी है व मोबाइल सेवा से मात्र 28000 गाँव वंचित है । इनमे मेरी लोकसभा क्षेत्र लखीमपुर-खीरी (उत्तरप्रदेश) की लगभग 20 ग्राम पंचायतें (लगभग 100 गाँव) जो नेपाल के सीमावर्ती जनजातीय क्षेत्र हैं, भी इन सेवाओं से वंचित हैं । इनमें मेरे लोकसभा क्षेत्र के जनजातीय क्षेत्र के गौरफंटा, सौनहा व चन्दन चौकी आदि क्षेत्र में मोबाइल टॉवर की स्वीकृती 4 वर्ष पूर्व हुई थी तथा प्रारम्भिक निर्माण संबंधी जरूरतें पूरी हो चुकी हैं परंतु अब काम रुक गया है जिसके कारण उक्त गाँवों में मोबाइल सहित इंटरनेट व ब्रॉडबैंड सेवाएँ उपलब्ध न होने के कारण सरकारी सेवाओं का लाभ पूरी तरह से लोगों को नहीं मिल पा रहा है ।

मैं सरकार से निवेदन करता हूँ कि मेरे लोकसभा क्षेत्र के उक्त जनजातीय क्षेत्रों सहित सभी 28000 गाँवों में मोबाइल सेवा व शेष लगभग 1,25000 गाँवों में ब्रॉडबैंड व इंटरनेट सेवा शीघ्र शुरू करने हेतु आवश्यक कार्य शीघ्र पूरे कराने हेतु कार्यवाही करने का कष्ट करें ।